दिव्यांगजनों हेतु प्रदत्त सुविधाओं से सम्बन्धित शासनादेशों का संकलन

उत्तराखण्ड शासन

शासनादेशों का संकलन

कार्यालय

आयुक्त दिव्यांगजन उत्तराखण्ड,
देहरादून।
दूरभाष नं0 0135– 2974992
E mail :- cduttarakhand@gmail.com

दिव्यांगजनों से सम्बन्धित कुछ प्रमुख निर्देश/आदेश

क्र0 सं0	विभाग का नाम	शासनादेश संख्या व दिनांक	विषय	पेज सं0
1.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश सख्या 293 स.क.–04–145(समाज कल्याण)/03 दिनांक 29.01.2004	देहरादून मुख्यालय में विकलांगजन आयुक्त कार्यालय की स्थापना, पदों का सृजन एवं धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।	1
2.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 249/2001 दिनांक 28.05.2001	राज्य समन्वय समिति के गठन की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	4
3.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 250/2001 दिनांक 28.05.2001	राज्य कार्यकारी समिति के गठन की स्वीकृति के सम्बन्ध में।	5
4.	कार्मिक विभाग	शासनादेश संख्या 1144/कार्मिक–2–2001 –53(1)/2001 दिनांक 18.07.2001	राज्यधीन सेवाओं, शिक्षण संस्थाओं तथा सार्वजनिक उद्यमों, निगमों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं में आरक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में।	8
5.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या :जी0आई0–226/स0क0/2003–166(स0क0)/2003 दिनांक 18.06.2013	अतिरिक्त निःशक्तजन आयुक्त के सम्बन्ध में।	10
6.	कार्मिक विभाग	शासनादेश संख्या 432/XXX(2)/2005 दिनांक 14.03.2005	निःशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों को भरने के सम्बन्ध में।	11
7.	कार्मिक विभाग	शासनादेश संख्या 1244/XXX(2)/2005 दिनांक 03.07.2005 के साथ पठित दिनांक 03.07.2005	राज्यधीन सेवाओं में आयु सीमा छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।	13
8.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 163/XVII(1)–2/2005–145(समाज कल्याण)/2003 दिनांक 06.09.2005	अपर सचिव, समाज कल्याण को पदेन आयुक्त निःशक्तजन उत्तराखण्ड नियुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।	14
9.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 159/XVII(1)–2/2006–06(05)/2006 दिनांक 18.02.2006	निःशक्तजनों की शारीरिक क्षमता के दृष्टिगत निःशक्तजनों हेतु प्रयोगार्थ कार्यालयों को भूतल पर स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।	15
10.	वित्त विभाग	शासनादेश संख्या 84(1)/XXVII–9/स्टाम्प/2006 दिनांक 27.02.2006	विकलांग दुकान निर्माण योजना के सम्बन्ध में।	16
11.	आयुक्त निःशक्तजन उत्तराखण्ड	शासनादेश संख्या 325/अ.स./अ.वि.ज./स.क./2006 दिनांक 04.10.2006	सेवा के दौरान निःशक्त होने वाले कार्मिकों के सम्बन्ध में।	17

12.	चिकित्सा विभाग	शासनादेश संख्या 266/XXVIII–5–2009–24/2009 दिनांक 25.02.2009	प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर जिला विकलांग पुनवार्स केन्द्र (DDRC) की स्थापना हेतु जिला चिकित्सालय के परिसर/भवन में दो अथवा तीन कक्षों का आरक्षण किया जाना।	19
13.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 287/XVII–02/2009–06(18)/2004 दिनांक 26.02.2009	निःशुल्क यात्रा सुविधा नियमावली 2009	20
14.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 488/XVII–2/2010–06(39)/2005 दिनांक 19.08.2010	उत्तराखण्ड राज्य के अधीन विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कर्मचारियों के वाहन भत्ते की दरों का पुनरीक्षण।	23
15.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 1000/XVII–2/2010–06(39)/2005 दिनांक 15.10.2010	उत्तराखण्ड राज्य के अधीन विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कर्मचारियों के वाहन भत्ते की दरों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में शासनादेश दिनांक 19–08–2010 की तालिका के क्रमांक–2 के स्तम्भ–4 में संशोधन।	25
16.	कार्मिक विभाग	शासनादेश संख्या 1673/XXX(2)/2010 दिनांक 10.11.2010	राज्याधीन सेवाओं में सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के सम्बन्ध में क्षैतिज आरक्षण।	27
17.	कार्मिक विभाग	शासनादेश संख्या 1905/XXX(2)/2011 दिनांक 17.01.2011	निःशक्त सरकारी सेवाओं के स्थानान्तरण के सम्बन्ध में।	41
18.	कार्मिक विभाग	शासनादेश संख्या 320/XXX(2)/2011 दिनांक 18.03.2011	उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर समूह 'ग' के पदों पर सीधी भर्ती द्वारा चयन हेतु लिखित परीक्षा में दृष्टिहीन अभ्यर्थियों को श्रुत लेखक (लेखन सहायक) एवं अतिरिक्त समय की सुविधा प्रदान किया जाना।	42
19.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 196/XVII–2/2011–29(स0क0)/2003 दिनांक 25.03.2011	उत्तराखण्ड लोक सेवाओं में शारीरिक रूप से विकलांगजन के लिए आरक्षण हेतु समूह **'क' 'ख' 'ग' व 'घ'** के पदों का चिन्हांकन।	44
20.	आयुक्त निःशक्तजन उत्तराखण्ड	शासनादेश संख्या 42/आ0नि0ज0/2011 दिनांक 30.04.2011	विकलांगता प्रमाण–पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।	76
21.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 655/XVII–02/2011–157(स0क0)/2002 दिनांक 05.07.2011	राज्य समन्वय समिति के गठन की स्वीकृति विषयक।	77
22.	वित्त विभाग	शासनादेश संख्या 207/XXXVII(7)/34/2011 दिनांक 13.10.2011	महिला कार्मिक जिनके बच्चे 40% या उससे अधिक विकलांग है को बाल्य देखभाल अवकाश के सम्बन्ध में।	79

23.	समाज कल्याण विभाग	शासनादेश संख्या 1407 / XVII–02 / 2011 –10(01) / 2009 दिनांक 15.12.2011	परित्यक्ता विवाहित महिला, मानसिक रूप से विकृत व्यक्तियों की पत्नी एवं निराश्रित अविवाहित महिलाओं हेतु भरण–पोषण अनुदान योजना की नियमावली वर्ष 2011	83
24.	आयुक्त निःशक्तजन उत्तराखण्ड	शासनादेश संख्या 485 / आ0नि0ज0 / 2012 दिनांक 25.02.2012	सड़कों में बेसहारा घूमने वाले मानसिक निःशक्तजनों के सम्बन्ध में।	89
25.	कार्मिक विभाग	शासनादेश संख्या 620 / XXX(2) / 2012 दिनांक 05.07.2012	राज्यधीन सेवाओं में विकलांग व्यक्तियों के लिए निर्धारित प्रतिशत के अनुसार गणना करते हुए बैकलॉग को भरे जाने हेतु विशेष भर्ती अभियान।	91
26	वित्त विभाग	वित्त (वे0आ0–सा0नि0)अनु0–7 सं0 : 746 / xxvii(7)50(64) / 2013	निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 के अन्तर्गत सेवा के दौरान निःशक्त हुये कर्मचारियों के सम्बन्ध में की गई व्यवस्था के सम्बन्ध में।	93
27	समाज कल्याण विभाग	संख्या : 18 / XVII–2 / 2014 –39(विविध) / 02 TC	वृद्धावस्था पेंशन योजना, निराश्रित विधवा भरण पोषण अनुदान एवं विकलांग भरण पोषण अनुदान योजनान्तर्गत दरों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।	95

संख्या 213 स.क.–04–145(समाज कल्याण)/03

प्रेषक

एस. के. मुटटू,
प्रमुख सचिव,
उत्तरांचल शासन

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण, उत्तरांचल,
हल्द्वानी(नैनीताल)

समाज कल्याण अनुभाग देहरादून : दिनांक : 29 जनवरी, 2004

विषयः देहरादून मुख्यालय में विकलांगजन आयुक्त कार्यालय की स्थापना, पदों का सृजन एवं धनराशि की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय विकलांगजनों के मामलों के त्वारित निस्तारण हेतु विकलांगजन अधिनियम 1995 के अन्तर्गत देहरादून मुख्यालय में विकलांगजन आयुक्त कार्यालय की स्थापना एवं निम्न विवरणानुसार अस्थाई पदों को उनके सम्मुख अंकित वेतनमानों में पदों के सृजन आदेश निर्गत होने की तिथि अथवा पदों को भरे जाने की तिथि, जो भी पूर्व में हो, बशर्ते कि ये पद इसके पूर्व समाप्त न कर दिये जाएं, से दिनांक 29 फरवरी, 2004 तक के लिए सृजित किए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्रमांक	पदनाम	वेतनमान	पदों की संख्या
1	विकलांगजन आयुक्त	आई.ए.एस संवर्ग	निदेशक समाज कल्याण पदेन विकलांगजन आयुक्त होगें
2	विधि सहायक	5,000–8,000	1
3	वरिष्ठ लिपिक	4,000–6,000	1
4	कनिष्ट लिपिक सह कम्प्यूटर ऑपरेटर	3,050–4,590	1
5	वाहन चालक (~~अध्यक्ष एवं सचिव हेतु~~)	3,050–4,590	1
6	चपरासी/पत्रवाहक	2,550–3,200	1
		योगः–	05

2– उपरोक्त स्वीकृत पदों पर नियुक्ति आवश्यकतानुसार की जाएगी। उक्त स्वीकृत पद पूर्णतः अस्थाई हैं और इन्हें बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है। स्वीकृत किए जा रहे पद के धारकों को शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते भी समयानुसार देय होंगे।

4. अतएव सम्यक विचारोपरान्त विकालांग जन आयुक्त कार्यालय उत्तरांचल के विभिन्न व्ययों को वहन करने हेतु निम्न विवरणानुसार **रुपये 10.95 लाख (रूपये दस लाख पिच्चानबे हजार मात्र)** की वित्तीय स्वीकृति किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

	मानक मद	धनराशि (रूपये हजार में)
01	वेतन	300
03	मंहगाई भत्ता	177
04	यात्रा व्यय	30
05	स्थानान्तरण यात्रा व्यय	20
06	अन्य भत्ते	33
07	मानदेय	01
08	कार्यालय व्यय	50
09	विद्युत देय	15
10	जलकर/जल प्रभार	05
11	लेखन सामग्री और फार्मो की छपाई	35
12	कार्यालय फर्नीचर एवं उपकरण	150
13	टेलीफोन पर व्यय	25
14	कार्यालय प्रयोगार्थ स्टाफ कारों/मोटर गाडियों का क्रय	01
15	गाडियों का अनुरक्षण एवं पेट्रोल खरीद	50
17	किराया उपशुल्क कर स्वामित्व	60
18	प्रकाशन	10
22	आतिथ्य व्यय/व्यय विषयक भत्ता आदि	05
27	चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति	05
42	अन्य व्यय	10
44	प्रशिक्षण व्यय	02
45	अवकाश यात्रा व्यय	01
46	कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफ्टवेयर का क्रय	100
47	कम्प्यूटर अनुरक्षण/तत्सम्बन्धी स्टेशनरी का क्रय	10

योगः—1095

(रूपये दस लाख पिच्चानबे हजार मात्र)

5— उक्त व्यय को करते समय मित्तव्ययता के सम्बन्ध में समय—समय पर निर्गत आदेशों, बजट मैनुअल एवं तद्विषयक जारी किये गये आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। व्यय केवल

उन्हीं मदों पर किया जायेगा जिनके लिए यह स्वीकृति निर्गत की जा रही है। किसी भी प्रकार के मद परिवर्तन का अधिकार विभाग का नहीं होगा।

6– इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2003–04 के अनुदान संख्या–15 के **आयोजनेत्तर** पक्ष के लेखा शीर्षक – "2235–सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण–02–समाज कल्याण–101–विकलांग व्यक्तियों का कल्याण–10–विकलांग जन आयुक्त कार्यालय का अधिष्ठान व्यय" की प्राथमिक सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

7– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्याः 715 वि.अनु.–2/2004 दिनांक 22 जनवरी, 2004 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस.के.मुट्टू)
प्रमुख सचिव।

संख्याः 293 (समाज कल्याण)/2003 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1 महालेखाकार उत्तरांचल, माजरा देहरादून।
2 निदेशक,कोषागार लक्ष्मी रोड़ उत्तरांचल, देहरादून।
3 बरिष्ठ कोषाधिकारी नैनीताल/देहरादून।
4 निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तरांचल।
5 सचिव,अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग,उत्तरांचल,देहरादून।
6 वित्त अनुभाग।

आज्ञा से,

(गरिमा रौंकली)
अनु सचिव।

उत्तरांचल सरकार
समाज कल्याण विभाग
संख्या 249 / 2001
देहरादूनः दिनांकः मई:28:2001

अधिसूचना

विकलांग जन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण व पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 संख्या.1 सन 1996 की धारा 13 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके श्री राज्यपाल इस अधिसूचना को गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से राज्य समन्वय समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान करते हैं, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

1.	मा. मंत्री, समाज कल्याण,	अध्यक्ष (पदेन)
2.	प्रमुख सचिव / वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त	सदस्य (पदेन)
3.	सचिव, शिक्षा विभाग, उत्तरांचल शासन	सदस्य (पदेन)
4.	सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग	सदस्य (पदेन)
5.	सचिव, वित्त विभाग	सदस्य (पदेन)
6.	सचिव, ग्राम्य विकास विभाग	सदस्य (पदेन)
7.	सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग	सदस्य (पदेन)
8.	सचिव, औद्योगिक विकास विभाग	सदस्य (पदेन)
9.	सचिव, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग	सदस्य (पदेन)
10.	सचिव, नगर विकास विभाग	सदस्य (पदेन)
11.	सचिव, श्रम विभाग उत्तरांचल शासन	सदस्य (पदेन)
12.	उत्तरांचल सरकार द्वारा मनोनीत पांच सदस्य (पांच) जो विकलांग जन हों तथा स्वैच्छिक संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हों, इनमें भी एक महिला तथा एक अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से हों।	
13.	सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,	सदस्य (पदेन)
14.	आयुक्त, विकलांग जन	सदस्य (पदेन)
15.	दो सदस्य विधान सभा, उत्तरांचल शासन	सदस्य (पदेन)
16.	कृषि, व्यापार उद्योग क्षेत्र के मनोनीत तीन सदस्य	सदस्य (पदेन)
17.	सचिव, समाज कल्याण, उत्तरांचल शासन	सदस्य (पदेन) / सचिव

(डा. आर.एस.टोलिया)
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त

कमशः.....2

पृष्ठांकन संख्या : 249 (II) / विक. / अधि. / 2001 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तरांचल सरकार, देहरादून
2. सचिव, मा. मुख्य मंत्री, उत्तरांचल शासन, देहरादून
3. निजी सचिव, मा. मंत्री समाज कल्याण, को मा. मंत्री जी के अवलोकनार्थ
4. महालेखाकार, उत्तरांचल, हलाहाबाद
5. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तरांचल शासन, देहरादून
6. समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष, उत्तरांचल
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल
8. निदेशक समाज कल्याण विभाग, उत्तरांचल
9. सचिवालय के समस्त अनुभाग
10. राज्य समन्वय समिति के समस्त सदस्य
11. विधायी अनुभाग, उत्तरांचल शासन

आज्ञा से

(सुन्दर लाल)
अपर सचिव

उत्तरांचल सरकार
समाज कल्याण विभाग
संख्या 250/2001
देहरादूनः दिनांकः मई:28:2001

अधिसूचना

विकलांग जन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण व पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 संख्या.1 सन 1996 की धारा 19 की उपधारा (1) और (2) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके श्री राज्यपाल इस अधिसूचना को गजट में प्रकाशित होने के दिनांक से राज्य कार्यकारी समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान करते है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होगे :–

1. प्रमुख सचिव/वन एवं ग्राम्य विकास आयुक्त, उत्तरांचल शासन	अध्यक्ष
2. आयुक्त विकलांग जन कल्याण	सदस्य (पदेन)
3. सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग	सदस्य (पदेन)
4. सचिव वित्त विभाग	सदस्य (पदेन)
5. सचिव ग्राम्य विकास विभाग	सदस्य (पदेन)
6. सचिव शिक्षा विभाग	सदस्य (पदेन)
7. सचिव समाज कल्याण विभाग	सदस्य (पदेन)
8. सचिव कार्मिक विभाग	सदस्य (पदेन)
9. सचिव नगर विकास विभाग	सदस्य (पदेन)
10. सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग	सदस्य (पदेन)
11. निदेशक समाज कल्याण विभाग	सदस्य (पदेन)
12. सचिव श्रम विभाग उत्तरांचल शासन	सदस्य (पदेन)
13. एक सदस्य जिनकी रूचि विकलांग जनों के कल्यार्ण में हो, राज्य सरकार द्वारा नामित	सदस्य
14. पांच सदस्य राज्य सरकार द्वारा ऐसे विकलांग नामित किये जायेंगे जो स्वैच्छिक संस्थाओं का प्रतिनिधित्व करते हों, इनमें एक महिला व एक अनुसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति का सदस्य होगा सदस्य	
15. अपर सचिव, समाज कल्याण, उत्तरांचल शासन	सदस्य/सचिव

(डा. आर.एस.टोलिया)
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त

क्रमशः.....2

संख्या : 250 (II) / अधि, / 2001 तद्दिनांक।

निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तरांचल शासन,
2. सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी उत्तरांचल शासन,
3. निजी सचिव मा. मंत्री जी समाज कल्याण उत्तरांचल शासन देहरादून,
4. स्टाफ आफिसर मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन,
5. सचिव कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, शास्त्री भवन, नई दिल्ली,
6. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव उत्तरांचल शासन देहरादून,
7. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल,
8. समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष, उत्तरांचल,
9. निदेशक समाज कल्याण, उत्तरांचल,
10. सचिवालय के समस्त अनुभाग,
11. राज्य समन्वय समिति के समस्त सदस्य,
12. विधायी अनुभाग / भाषा अनुभाग

आज्ञा से

(सुन्दर लाल)
अपर सचिव

संख्या 1144/कार्मिक–2–2001–53(1)/2001

प्रेषक,

राकेश शर्मा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव/अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।
समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।
समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तरांचल।

कार्मिक विभाग देहरादून : दिनांक 18 जुलाई, 2001

विषय–राज्याधीन सेवाओं, शिक्षण संस्थाओं तथा सार्वजनिक उद्यमों, निगमों एवं स्वायत्तशासी संस्थाओं में आरक्षण दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा उत्तरांचल राज्य में राज्याधीन सेवाओं/सार्वजनिक उद्यमों/निगमों, स्वायत्तशासी संस्थाओं/शिक्षण संस्थाओं में आरक्षण की नीति निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में सम्यक् रूप से विचारोपरान्त वर्तमान जनगणना के पूर्ण व अन्तिम आंकड़े उपलब्ध होने तक, वर्तमान में उपलब्ध जनसंख्या (रेपिड सर्वे) के आंकड़ों के आधार पर आरक्षित श्रेणी की जातियों की सकल जनसंख्या में उनके प्रतिशत के एक प्रतिशत अधिक आरक्षण दिये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः उत्तरांचल राज्य में आरक्षण अनन्तिम रूप से निम्नवत् निर्धारित किये जाने का शासन द्वारा निर्णय लिया गया है :–

(1) अनुसूचित जाति 19%

(2) अनुसूचित जनजाति 04%

(3) अन्य पिछड़ा वर्ग 14%

2–शासन द्वारा यह भी निर्णय लिया गया है कि महिलाओं, भूतपूर्व सैनिकों, विकलांग व्यक्तियों तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को निम्नानुसार हॉरिजेन्टल आरक्षण अनुमन्य किया जाय :–

(i) महिलाएं 20%

(ii) भूतपूर्व सैनिक 02%

(iii) विकलांग व्यक्ति 03%

(iv) स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित 02%

जो महिला/व्यक्ति जिस वर्ग की होगी/होगा, उसे उसी वर्ग में हॉरिजेन्टल आरक्षण अनुमन्य होगा।

3–आरक्षण के सम्बन्ध में स्थायी रूप से नीति का निर्धारण पृथक से किया जायेगा।

भवदीय,

ह0–

राकेश शर्मा,
सचिव।

संख्या 1144 (1)/कार्मिक–2–2001–53(1)/2001, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तरांचल शासन।
2. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तरांचल, हरिद्वार।
3. निबन्धक, उच्च न्यायालय, उत्तरांचल, नैनीताल।
4. आयुक्त, अनुसूचित जाति तथा जनजाति, उत्तरांचल, देहरादून।
5. सचिव, विधान सभा, उत्तरांचल, देहरादून।
6. समस्त मंत्रियों के निजी सचिव, माननीय मंत्रीगण के सूचनार्थ।
7. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
8. गार्ड फाईल हेतु।

आज्ञा से,

ह0–

आर0 सी0 लोहनी,

अनु सचिव।

उत्तरांचल शासन
समाज कल्याण अनुभाग
संख्या जी0आई0–226 / रा0क0 / 2003–166(समाज कल्याण) / 2003
देहरादून : दिनांक : 18 जून, 2003

अधिसूचना

विकलांगजन (समान अवसर, अधिकरों का संरक्षण एवं पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 (अधिनियम संख्या 01 वर्ष 1996) की धारा 60 की उपधारा (4) व (5) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए श्री राज्यपाल विकलांग जन आयुक्त, उत्तरांचल को उनके कार्यों के सम्पादन में सहायता हेतु, समस्त जिला मजिस्ट्रेट, उत्तरांचल को अतिरिक्त आयुक्त, विकलांग जन नियुक्त करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। यह अधिकारी विकलांग जन आयुक्त के सामान्य अधीक्षण में अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे।

2. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

आज्ञा से,
(एस0 के0 मुट्टू)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या : जी0आई0–226(1) / स0क0 / 2003 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तरांचल।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तरांचल।
3. निजी सचिव, मा0 समाज कल्याण मंत्री जी, उत्तरांचल।
4. स्टाफ ऑफिसर, मुख्यसचिव, उत्तरांचल शासन।
5. सचिव, भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली।
6. मुख्य आयुक्त, विकलांगजन, भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, जी–31, सैक्टर–39, नोएडा, उत्तर प्रदेश।
7. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तरांचल शासन।
8. आयुक्त, कुमाऊं / गढ़वाल मण्डल, नैनीताल / पौड़ी।
9. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
10. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तरांचल, हल्द्वानी (नैनीताल)।
11. निदेशक, फोटोलिथो प्रेस, रुड़की (हरिद्वार) को अंग्रेजी अधिसूचना की प्रति सहित इस आशय से कि कृपया उक्त अधिसूचना की 500प्रतियां मुद्रित कर शासन के इस अनुभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
12. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरांचल।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(कुंवर सिंह)
अपर सचिव।

संख्या 432/XXX(2)/2005

प्रेषक,

नृप सिंह नपलच्याल,
प्रमुख सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

1. अपर मुख्य सचिव,
   उत्तरांचल शासन।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
   उत्तरांचल शासन।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
   उत्तरांचल।

कार्मिक अनुभाग–2

देहरादून : दिनांक 14 मार्च, 2005

विषय–निःशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों को भरने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्याधीन सेवाओं/पदों में निःशक्त व्यक्तियों के लिए 03 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण निर्धारित किया गया है। निःशक्त व्यक्तियों को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। यथा – (क) दृष्टिहीनता या कम दृष्टि; (ख) श्रवणह्रास; (ग) चलनक्रिया सम्बन्धी निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात। कार्मिक विभाग द्वारा जारी की गयी अधिसूचना संख्या : 1388/तीस–2/2004, दिनांक 11 अक्टूबर, 2004 द्वारा निःशक्त व्यक्तियों के लिए पदों का चिन्हांकन किया गया है। पदों का चिन्हांकन करते हुए यह भी स्पष्ट किया गया है कि कौन–कौन से पद किस–किस निःशक्तता की श्रेणी में रहेंगे।

2. इस सम्बन्ध में समय–समय पर विभिन्न नियुक्ति प्राधिकारियों द्वारा शासन से यह पृच्छा की गयी है कि जहाँ संवर्ग में सीधी भर्ती के पदों की कुल संख्या बहुत कम है, वहाँ निःशक्त व्यक्तियों के लिए 03 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण पदों की संख्या अधिक न होने से किस प्रकार पूर्ण किया जायेगा। इस सम्बन्ध में सम्यक् रूप से विचारोपरान्त शासन द्वारा निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

(1) जिन संवर्गों में पद को केवल एक निःशक्तता के लिए ही चिन्हित किया गया हो, उनमें 03 प्रतिशत का आरक्षण केवल एक ही निःशक्तता के लिए निर्धारित किया जायेगा और जहाँ एक से अधिक निःशक्तता के लिए पद चिन्हित हैं, वहाँ समान रूप से आरक्षण प्रदान किया जायेगा इस प्रकार सभी प्रकार की निःशक्तताओं के लिए क्षैतिज आरक्षण 03 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा। अर्थात् यदि एक पद दृष्टिहीन या कम दृष्टि वाले निःशक्त व्यक्ति के लिए चिन्हित किया गया है, तो उस पद पर 03 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण लगाया जायेगा;

(2) संवर्ग में सीधी भर्ती के पदों पर उपरोक्तानुसार क्षैतिज आरक्षण की गणना 0.5 प्रतिशत या उससे अधिक होने पर पूर्णांक के रूप में की जायेगी;

(3) निःशक्त व्यक्तियों के लिए आरक्षण की गणना करते समय सीधी भर्ती के कुल पदों की संख्या के आधार पर आरक्षण की गणना की जायेगी, रिक्त पदों के आधार पर आरक्षण की गणना नहीं की जायेगी;

(4) जिन पदों पर अभी चयन विचाराधीन है अथवा पूर्ण हुए हैं, उनमें यदि निःशक्त व्यक्तियों के लिए उपरोक्तानुसार आरक्षण की गणना नहीं की गयी हो तो उनमें उपरोक्तानुसार निःशक्त व्यक्तियों के लिए निर्धारित 03 प्रतिशत के क्षैतिज आरक्षण के अनुसार पदों को चिह्नित करते हुए चयन की कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

3. अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त के अनुसार राज्याधीन सेवाओं/पदों में निःशक्त व्यक्ति क्षैतिज आरक्षण प्रदान करने और उनके लिए चिन्हित किये गये पदों को भरने के सम्बन्ध में पदों को विज्ञापित करते हुए उनके विरुद्ध चयन की कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

नृप सिंह नपलच्याल,
प्रमुख सचिव।

संख्या 432 (1)/XXX (2)/2005, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तरांचल।
2. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तरांचल हरिद्वार।
3. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
4. सचिव, विधान सभा, उत्तरांचल।
5. सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,

रमेश चन्द्र लोहनी,
संयुक्त सचिव।

प्रेषक,

नृप सिंह नपलच्याल,
प्रमुख सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

(1) समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तरांचल शासन।

(2) समस्त अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

(3) समस्त जिलाधिकारी,
उत्तरांचल।

(4) समस्त विभागाध्यक्ष/प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तरांचल।

कार्मिक अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक 30 जुलाई, 2005

विषय–निःशक्त व्यक्तियों को राज्याधीन सेवाओं में आयु सीमा में छूट दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कार्मिक विभाग के शासनादेश सं0 1244/XXX (2)/2005 दिनांक 21–05–2005 द्वारा निःशक्त व्यक्तियों को आयु सीमा में छूट दी गयी है जिसमें समूह 'क' एवं 'ख' के पदों पर अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट तथा समूह 'ग' एवं 'घ' के पदों पर अधिकतम आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट प्रदान की गयी है लेकिन निःशक्त व्यक्तियों के लिए पदों के चिन्हांकन के उपरान्त नियुक्ति देने के लिए नियुक्त प्राधिकारियों द्वारा समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापनों में निःशक्त व्यक्तियों को आयु सीमा में दी गयी छूट का उल्लेख नहीं किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रकाशित विज्ञापनों में आयु सम्बन्धी शर्तों में दी गयी छूट के अनुसार समाचार पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन के सम्बन्ध में शुद्धि–पत्र प्रकाशित कराया जाय तथा ऐसे आवेदनकर्ता, जिन्होंने प्रकाशित अधिकतम आयु सीमा से अधिक, परन्तु उक्त शासनादेश द्वारा दी गयी छूट की सीमा के अन्दर आवेदन पत्र भेजे हैं, उनके आवेदन पत्रों को विचार के लिए ले लिया जाय और उनके आवेदन पत्रों को विज्ञापन में प्रकाशित निर्धारित आयु सीमा से अधिक आयु का होने के आधार पर निरस्त न किया जाय।

3. कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिशिचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

नृप सिंह नपलच्याल,
प्रमुख सचिव।

(13)

उत्तरांचल शासन
समाज कल्याण अनुभाग–2
संख्या : 163/XVII(1)-2/2005–145(समाज कल्याण)/2003
देहरादून : दिनांक : 6 सितम्बर, 2005

अधिसूचना

राज्यपाल निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा–60 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके तथा पूर्व अधिसूचना संख्या 251/2001 दिनांक 28मई, 2001 को अधिक्रमित करते हुए, अपर सचिव, समाज कल्याण (विकलांगजन कल्याण), उत्तरांचल शासन को, तत्काल प्रभाव से, पदेन विकलांगजन आयुक्त, उत्तरांचल नियुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(राधा रतूड़ी)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या : 163(1)/XVII(1)-2/2005 तद्दिनांक।

प्रतिलिपिः निदेशक, फोटोलिथो प्रेस, रूड़की (हरिद्वार) को अधिसूचना की अंग्रेजी प्रति सहित इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त अधिसूचना गजट में प्रकाशित कर मुद्रित अधिसूचना की 500प्रतियां शासन के इस अनुभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(राधा रतूड़ी)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या : 163(3)/XVII(1)-2/2005 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तरांचल।
2. निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी, उत्तरांचल।
3. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
4. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
5. सचिव, भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली।
6. मुख्य आयुक्त, विकलांग जन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 31, सैक्टर–39, नोएडा (उ.प्र.)।
7. आयुक्त, कुमाऊं/गढवाल मण्डल, नैनीताल/पौड़ी।
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
9. निदेशक, समाज कल्याण, उत्तरांचल, हल्द्वानी (नैनीताल)।
10. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तरांचल।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राधा रतूड़ी)
सचिव।

संख्या : 159/XVII(1)-2/2006-06(05)/2006

प्रेषक,

राधा रतूडी,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी,
उत्तरांचल।

समाज कल्याण अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक 16 फरवरी, 2006

विषयः निःशक्तजनों की शारीरिक क्षमता के दृष्टिगत निःशक्तजनों हेतु प्रयोगार्थ कार्यालयों को भूतल पर स्थानांतरित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अवगत कराना है कि समय समय पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा यह मॉग की जाती रही है कि निःशक्तजनों की शारीरिक क्षमता के दृष्टिगत निःशक्तजनों हेतु प्रयोगार्थ कार्यालयों को भूतल पर स्थानांतरित किये जाये ।

तत्क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चूँकि विकलांग कल्याण से संबंधित अधिकांश कार्य समाज कल्याण विभाग द्वारा व्यवहरित किया जा रहा है। अतः जिला समाज कल्याण कार्यालय प्रथम तल या द्वितीय तल पर संचालित हों तो यथासंभव उन्हे भूतल पर स्थानांतरित करने हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राधा रतूडी)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्या : 159/XVII(1)/2006 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : विकलांगजन आयुक्त, उत्तरांचल, देहरादून को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(धीरेन्द्र सिंह दताल)
उप सचिव।

उत्तरांचल सरकार
वित्त अनुभाग–2
संख्या /XXVII-(9)/स्टाम्प/2006
देहरादूनः दिनांकः 27 फरवरी, 2006

अधिसूचना

राज्यपाल, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (अधिनियम संख्या 2 वर्ष 1899) की धारा 9 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके विकलांग के पक्ष में "विकलांग दुकान निर्माण योजना" के अन्तर्गत आबंटित दुकानों पर प्रभार्य स्टाम्प शुल्क से छूट प्रदान करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(इन्दु कुमार पाण्डे)
प्रमुख सचिव।

संख्या 84 (1)/XXVII-(9)/स्टाम्प/2006, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी, उत्तरांचल।
3. महानिरीक्षक, निबन्धन, उत्तरांचल, देहरादून।
4. निदेशक, कोषागार एवं वित्त सेवायें, उत्तरांचल, देहरादून।
5. समस्त जिला निबन्धक, उत्तरांचल।
6. उप–निदेशक, राजकीय प्रेस रूड़की को इस अनुरोध सहित कि वे अधिसूचना को उसी दिनांक के असाधारण गजट के भाग 4 खण्ड (ब) में प्रकाशित कराते हुये उसकी 200 प्रतियॉ वित्त अनुभाग–9 में अविलम्ब उपलब्ध करा दें।
7. न्याय/विधायी अनुभाग, उत्तरांचल शासन, देहरादून।
8. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(एल०एम०पन्त)
अपर सचिव।

पत्र सं. 325/अ.स./अ.वि.ज./स.क./2006

प्रेषक,

अपर सचिव
समाज कल्याण(निःशक्तजन कल्याण), उत्तरांचल शासन,एवं
निःशक्तजन आयुक्त,उत्तरांचल,
देहरादून।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष,
.....
.....।

समाज कल्याण–2 दिनांकःदेहरादूनःअक्टूबर, 4, 2006

विषयः–निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 के अन्तर्गत सेवा के दौरान निःशक्त हुये कर्मचारियों के सम्बंध में की गई व्यवस्था के सम्बंध में।

महोदय,

कतिपय विभागों द्वारा यह संज्ञान में आया है कि सेवा के दौरान निःशक्त हुये कर्मचारियों को अनुमन्य सुविधायें प्रदान नहीं की जा रही हैं,जबकि निःशक्तजन व्यक्ति (समान अवसर,अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995 की धारा–47 के अन्तर्गत स्पष्ट व्यवस्था हैं कि –

47.(1) कोई स्थापन, ऐसे कर्मचारी को, जो सेवा के दौरान निःशक्त हो जाता है, सेवोन्मुक्त या पंक्तिच्युत नहीं करेगा ;

परन्तु यदि कोई कर्मचारी निःशक्त हो जाने के पश्चात उस पद के लिये जिसको वह धारण करता हैं, उपयुक्त नहीं रह जाता है तो उसे,उसी वेतनमान और सेवा संबधी फायदों वाले किसी अन्य पद पर स्थानान्तरित किया जा सकेगा ;

परन्तु यह और कि यदि किसी कर्मचारी को किसी पद पर समायोजित करना संभव नहीं है तो उसे समुचित पद उपलब्ध होने तक या उसके द्वारा अधिवर्षिता की आयु प्राप्त कर लेने तक,इनमें से जो भी पूर्वतर हो,किसी अधिसंख्य पद पर रखा जा सकेगा।

47 (1) No establishment shall dispense with, or reduse in rank, an employee who acquires a disability during his service ;

PROVIDED that, if an employee, after acquiring disability is not suitable for the post he was holding, could be shifted to some other post with the same paysale and service benefit ;

PROVIDED FURTHER that if it is not possible to adjust the employee against any post, he may be kept on a supernumerary post until suitable post is available or he attains the age of superannuation, whichever is earlier.

क्रमश.....

47(2) किसी व्यक्ति को ,केवल उसकी निःशक्तता के आधार पर प्रोन्नति से वंचित नहीं किया जाएगा ; परन्तु यह कि समुचित सरकार,किसी स्थापन में किए जा रहे कार्य के प्रकार को ध्यान में रखते हुये, अधिसूचना द्वारा और ऐसी शर्तो के अधीन रहते हुए,यदि कोई हों,जो ऐसी अधिसूचना में विहित की जाए किसी स्थापन को इस धारा के उपबंधो से छूट दे सकेगी।

47(2) ***No promotion shall be denied to a person merely on the ground of his disability ;*** *PROVIDED that the appropriate.Government may, having regard to the type of work carried on in such notification and subject touch conditions, if any, as may be specified is such notification, exempt any establishment from the provisions of this section.*

अतः आपसे अनुरोध है कि अधिनियम में दी गई व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्न – अधिनियम में सुसंगत धारा की छायाप्रति।

भवदीय

स्नेहलता अग्रवाल
अपर सचिव एवं आयुक्त

प्रतिलिपिः–

कृपया समस्त प्रमुख सचिवों/सचिवों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

स्नेहलता अग्रवाल
अपर सचिव एवं आयुक्त

35

संख्या 266/XXVIII-5-2009-24/2009

प्रेषक,

केशव देसिराजु
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला अस्पताल
प्रबन्धन समिति
उत्तराखण्ड ।

चिकित्सा अनुभाग–5

देहरादून : दिनांक 25 फरवरी, 2009

विषयः प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र (DDRC) की स्थापना हेतु जिला चिकित्सालय के परिसर/भवन में दो अथवा तीन कक्षों का आरक्षण किया जाना ।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकलांगजनों को बहुआयामी पुनर्वास सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जनपद मुख्यालय पर एक डी0डी0आर0सी0 स्थापित किये जाने की आवश्यकता अनुभव की गयी है, जहां विकलांगता सर्वेक्षण, विकलांगता की रोकथाम हेतु जन–जागरूकता, विकलांगता की आरम्भिक पहचान, विकलांगजनों के सहायक उपकरण/यंत्रों के वितरण व उनकी मरम्मत आदि, थेराप्यूटिक सेवायें, विकलांगता प्रमाण पत्र हेतु जांच आदि अनेक सेवायें उपलब्ध करायी जायेंगी ।

इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रत्येक जिला चिकित्सालय (नैनीताल को छोड़कर) के भवन में न्यूनतम दो अथवा तीन कक्षों का आवंटन जिला पुनर्वास विकलांग केन्द्र (डी0डी0आर0सी0) की स्थापना हेतु सुनिश्चित कर सचिव, समाज कल्याण को अवगत कराने का कष्ट करें ।

जनपद नैनीताल का जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र हल्द्वानी स्थित बेस अस्पताल में स्थापित किया जाना है । अतः तदनुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें ।

उपरोक्तानुसार केन्द्र की स्थापना हेतु आरक्षित किये जाने वाले कक्षों की साज–सज्जा विकलांगजनों के प्रयोग हेतु बाधारहित बनाने हेतु किये जाने वाले लघु निर्माण कार्यों तथा आरम्भिक स्थापना के लिए आवश्यक उपकरणों के क्रय हेतु प्रत्येक जिला पुनर्वास विकलांग केन्द्र के लिए धनराशि समाज कल्याण विभाग द्वारा आवंटित किये जाने हेतु पृथक से आदेश किये जा रहे हैं ।

भवदीय

(केशव देसिराजु)
प्रमुख सचिव

संख्या 266/XXVIII-5-2009-24/2009 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड, देहरादून ।
2. सचिव, एवं आयुक्त समाज कल्याण उत्तराखण्ड शासन ।
3. मुख्य आयुक्त, निःशक्तता, समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
4. निजी सचिव, मा0 स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखण्ड ।
5. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन ।
6. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तराखण्ड ।
7. निदेशक, राष्ट्रीय दृष्टि बाधितार्थ संस्थान, देहरादून ।
8. केन्द्र प्रभारी, जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र, अल्मोड़ा/बागेश्वर/भगवानपुर (हरिद्वार) व टिहरी
9. निदेशक, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र, सचिवालय परिसर, देहरादून ।
10. गार्ड फाईल

आज्ञा से

(केशव देसिराजु)
प्रमुख सचिव

G:\123\GO.doc

उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में विकलांगजनों को निःशुल्क यात्रा सुविधा नियमावली 2009

1. **संक्षिप्त नाम :–**
इस नियमावली का नाम ''उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में विकलांगजनों को निःशुल्क यात्रा सुविधा नियमावली, 2009'' होगा।

2. **प्रारम्भ**
यह नियमावली तात्कालिक प्रभाव से लागू होगी। इस नियमावली के प्रभावी होने पर पूर्ववर्ती राज्य उत्तर प्रदेश में प्रचलित तत्सम्बन्धी सभी नियमावलियां निष्प्रभावी हो जायेंगी। इसके अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में उत्तराखण्ड राज्य के विकलांगजनों को निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी।

3. **परिभाषा**
इस नियमावली के अन्तर्गत, जब तक विषय या सन्दर्भ में कोई बात विरूद्ध न हो :–
(क) निगम से उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम अभिप्रेत होगा।
(ख) बस से निगम द्वारा विभिन्न मार्गों पर संचालित की जाने वाली साधारण बसें अभिप्रेत होंगी।
(ग) राज्य से उत्तराखण्ड राज्य अभिप्रेत है।
(घ) विकलांगजन की परिभाषा व विकलांगता की श्रेणी विकलांगजन (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा–2 से अभिप्रेत होगी।

4. विकलांगजनों को उत्तराखण्ड राज्य में निःशुल्क यात्रा सुविधा उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों में भिक्षावृत्ति से भिन्न प्रयोजन के लिये यात्रा करने पर दी जायेगी।

5. यात्रा प्रारम्भ करते समय विकलांग व्यक्ति, राज्य के जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा विकलांगता प्रमाण–पत्र (मैडिकल सर्टिफिकेट) अथवा समाज कल्याण विभाग, उत्तराखण्ड शासन के द्वारा अधिकृत अधिकारी के स्तर से निर्गत परिचय–पत्र अथवा भारत सरकार के स्तर पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत विकलांगता प्रमाण–पत्र परिवहन निगम के अधिकृत कर्मचारी/अधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

6. उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम, देहरादून द्वारा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में आवश्यक प्रमाण–पत्र जिसमें इस बात का उल्लेख होगा कि कितने विकलांग व्यक्तियों ने एक त्रैमास में निःशुल्क यात्रा सुविधा का उपयोग किया, के मांगपत्र दिये जाने पर अनुमन्य धनराशि निदेशक, समाज कल्याण उत्तराखण्ड द्वारा उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम को उपलब्ध करायी जायेगी।

7. यात्रा की सुविधा, विकलांगजन (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा–2 (न) के अनुसार 40% व उससे ऊपर की विकलांगता से ग्रस्त व धारा–2 (झ) के अनुसार निम्न विकलांगता से ग्रस्त विकलांगजनों को अनुमन्य होगी :–
(I) अन्धता ;
(II) कम दृष्टि ;
(III) कुष्ठ रोग मुक्त ;
(IV) श्रवण शक्ति का क्रास ;
(V) चलन निःशक्तता ;
(VI) मानसिकता मंदता ;
(VII) मानसिक रूग्णता ;

8. यात्रा के समय निम्न विकलांगजन के साथ उसके सहयोगी/सहयात्री को विकलांगजन की तरह निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी :–
   (क) जो पूर्ण रूप से अंधे हों ; या अल्पदृष्टि (लो विजन) से ग्रस्त हों ;
   (ख) जो पूर्ण रूप से मूक व बधिर हों ;
   (ग) जिनके एक हाथ या पैर अथवा दोनों हाथ या दोनों पैर पूर्ण रूप से कटे हों ;
   (घ) जिनके एक हाथ या एक पैर या दोनों हाथ या दोनों पैर अपंग (पैरालाइज्ड) हों ;
   (ड) जो मानसिक रूप से मंदबुद्धि हो ;
   (च) जो मानसिक रूप से रूग्ण हों ;

9. परिवहन निगम की बसों से विकलांगजन को पूरे वित्तीय वर्ष में यात्रा की सुविधा अनुमन्य होगी।

10. नगर सेवा बस में भी यह सुविधा अनुमन्य होगी, यदि उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम नगर बस सेवा संचालित करते हों।

11. उत्तराखण्ड राज्य परिवहन निगम को विकलांगजनों पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति के लिये सम्बन्धित विभाग के आय–व्ययक में व्यवस्थित धनराशि के अनुसार पारस्परिक सहमति से धनराशि का भुगतान निदेशक, समाज कल्याण उत्तराखण्ड द्वारा किया जायेगा।

12. बस का परिचालक विकलांगजन के द्वारा बिन्दु संख्या 5 में उल्लिखित विकलांगता प्रमाण–पत्र के आधार पर यात्रा का विवरण अंकित करेगा। विकलांगजन का नाम व विकलांगजन द्वारा प्रस्तुत विकलांगता प्रमाण–पत्र संख्या/किस सक्षम अधिकारी ने जारी किया; यात्रा कहां से कहां तक की गयी; निगम किराया छोड़कर कितनी धनराशि कर के रूप में वसूल की गयी; मार्ग पत्र में अंकित करेगा। इसी प्रकार प्रतिदिन विकलांगजनों द्वारा की गयी यात्रा के विवरण डिपो स्तर पर रखे जायेंगे; जिसमें निगम किराया का उल्लेख किया जायेगा।

13. उत्तराखण्ड राज्य सड़क परिवहन निगम प्रत्येक माह लेखा विवरण तथा यात्रा करने वाले विकलांगजनों की संख्या सम्बन्धी विवरण निदेशक, समाज कल्याण उत्तराखण्ड को उपलब्ध करायेंगे।

14. नियमावली के नियम–5 के क्रम में विकलांगजन अपने जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में गठित मैडिकल बोर्ड से विकलांगता प्रमाण–पत्र (मैडिकल सर्टिफिकेट) प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

15. विकलांगजनों को निःशुल्क यात्रा की सुविधा निगम की समस्त साधारण बसों में अनुमन्य होगी, यह छूट बस के प्रस्थान करने के स्टेशन से बस के गन्तव्य/अन्तिम पड़ाव तक दी जायेगी। निगम की बसें जहां तक संचालित हो रही है वहां तक उत्तराखण्ड राज्य के विकलांगजनों को साधारण बसों के किरायें में छूट प्रदान की जायेगी।

16. यात्री किराये के कुल धनराशि का लगभग 20% विकलांगजन (पैसेंजर टैक्स, यात्री बीमा व यात्री सुविधा धनराशि) एवं उनके सहयोगी सहयात्री से प्राप्त किया जायेगा तथा शेष निगम किराया की धनराशि को छोड़ दिया जायेगा। उक्त 20% धनराशि में यात्री बीमा का अंश भी सम्मिलित होगा।

ह0–
(मनीषा पंवार)
सचिव।

उत्तराखण्ड शासन,
समाज कल्याण अनुभाग–02,
संख्या : 287 / XVII–02 / 2009–06(18) / 2004
देहरादून : दिनांक 26 फरवरी, 2009

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, महामहिम श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड शासन।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तराखण्ड शासन।
3. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
4. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
6. मुख्य आयुक्त, विकलांगजन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, 31, सैक्टर,–39, नोएडा, उत्तर प्रदेश।
7. आयुक्त, कुमायूं / गढ़वाल मंडल, नैनीताल / पौड़ी।
8. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. निदेशक, समाज कल्याण उत्तराखण्ड, हल्द्वानी, नैनीताल।
10. आयुक्त विकलांगजन उत्तराखण्ड, देहरादून।
11. प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून।
12. निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, रूड़की (हरिद्वार) को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया इस नियमावली की 200 प्रतियां मुद्रित कर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
13. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तराखण्ड।
14. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उत्तराखण्ड।
15. समस्त जिला समाज कल्याण अधिकारी, उत्तराखण्ड।
16. निदेशक, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
17. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
ह0–
(स्नेहलता अग्रवाल)
अपर सचिव।

संख्या : 498 / XVII–2 / 2010–06(39) / 2005

प्रेषक,

एस0 के0 मुट्टू
अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।
3. समस्त मण्डलायुक्त एवं समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

समाज कल्याण अनुभाग–2 देहरादून : दिनांक: 19 अगस्त 2010

विषयः–उत्तराखण्ड राज्य के अधीन विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कर्मचारियों के वाहन भत्ते की दरों का पुनरीक्षण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या–916 / 65–1–2000 दिनांक 19 जून, 2000 के द्वारा शारीरिक रूप से अक्षम (विकलांग) कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल (कार्यालय) आने तथा वापस जाने में होने वाली कठिनाईयों को दृष्टिगत रखते हुये उक्त भत्ते की दरों का पुनरीक्षण किया गया था तथा इसे वाहन व्यय प्रतिपूर्ति का नाम दिया गया था।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल राज्य सरकार के अधीन कार्यरत उक्त कर्मचारियों को पूर्व निर्धारित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्न स्तम्भ–5 में उल्लिखित दर के स्तम्भ–6 के अनुसार दरों में वाहन भत्ता को पुनरीक्षित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्र0 सं0	पूर्व वेतनमान वेतन स्तर (मूल वेतन)	वर्तमान वेतन बैण्ड	ग्रेड–पे	शासनादेश दिनांक 19 जून, 2000 के अनुसार वर्तमान दर (रु0 में)	वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते की पुनरीक्षित दर (रु0 प्रतिमाह)
1	2	3	4	5	6
1.	रु0 3049 तक	रु0 5200–20200	रु0 1800 तक	150	300
2.	रु0 3050 से 5999 तक	रु0 5200–20200	रु0 2400 तक	200	400
3.	रु0 6000 से अधिक	रु0 9300–34800	रु0 4200 व अधिक	250	500

Letter August 2010

2. उपरोक्तानुसार वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते की दरों में पुनरीक्षण के फलस्वरूप जो भी अतिरिक्त व्यय भार बढ़ेगा, उसे सम्बन्धित विभाग अपने–अपने आय–व्ययक के सम्बन्धित लेखाशीर्षक/प्राथमिक इकाई में तद्नुसार बजट व्यवस्था से और व्यवस्था न होने पर व्यवस्था कराकर वहन करेंगे।

3. उक्तानुसार वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते की पुनरीक्षित दरें इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से लागू होंगे।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–2641/XXVII(7)/2010 दिनांक 17 अगस्त 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0 के0 मुत्दू)
अपर मुख्य सचिव एवं आयुक्त

पृष्ठांकन संख्या /XVII–2/2010–06(39)/2005 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. आयुक्त विकलांगजन उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड, हरिद्वार।
6. रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय नैनीताल।
7. समस्त कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
8. सार्वजनिक उद्यम विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
9. वित्त अनुभाग–3/वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु–7 उत्तराखण्ड शासन।
10. निदेशक, बेसिक/माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड को अपने अधीनस्थ समस्त विभागों में आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(स्नेहलता अग्रवाल)
अपर सचिव

संशोधन शासनादेश

संख्या : /XVII-2/2010-06(39)/2005

प्रेषक,

विनीता कुमार,
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

2. समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

3. समस्त मण्डलायुक्त एवं समस्त जिलाधिकारी,
उत्तराखण्ड।

समाज कल्याण अनुभाग-2 देहरादून : दिनांक 15 अक्टूबर, 2010

विषयः-उत्तराखण्ड राज्य के अधीन विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कर्मचारियों के वाहन भत्ते की दरों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में शासनादेश दिनांक 19.08.2010 की तालिका के क्रमांक-2 के स्तम्भ-4 में संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-488/XVII-2/2010-06(39)/2005 दिनांक 19 अगस्त, 2010 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश के प्रस्तर-2 की तालिका में क्रमांक 2 के स्तम्भ-4 में ग्रेड पे "रु0 2400/- तक" के स्थान पर रु0 2400/ से ग्रेड पे रु0 2800/- तक संशोधित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त शासनादेश दिनांक 19 अगस्त, 2010 केवल इस सीमा तक संशोधित समझा जाय और इसके शेष सभी प्राविधान यथावत रहेंगे।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-4622/XXVII(7)/2010 दिनांक 11 अक्टूबर, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(विनीता कुमार)
प्रमुख सचिव एवं आयुक्त।

पृष्ठांकन संख्या/ /XVII-2/2010-06(39)/2005 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सचिव श्री राज्यपाल, उत्तराखण्ड, देहरादून।

er October 2010

2. महालेखाकार, उत्तराखण्ड, देहरादून।
3. आयुक्त विकलांगजन उत्तराखण्ड, देहरादून।
4. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड, हरिद्वार।
6. रजिस्ट्रार उच्च न्यायालय नैनीताल।
7. समस्त कोषाधिकारी उत्तराखण्ड।
8. सचिव, उत्तराखण्ड सूचना आयोग, देहरादून।
9. सार्वजनिक उद्यम विभाग उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
10. वित्त(वे0आ0–सा0नि0)अनु–7 उत्तराखण्ड शासन।
11. निदेशक, बेसिक/माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड को अपने अधीनस्थ समस्त विभागों में आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
12. निदेशक, एन0आई0सी0 सचिवालय परिसर, देहरादून।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(स्नेहलता अग्रवाल)
अपर सचिव

उत्तराखण्ड शासन
कार्मिक अनुभाग–2
संख्या–1673 /xxx (2)/ 2010
देहरादूनःदिनांक 10 नवम्बर, 2010

कार्यालय–ज्ञाप

लोक सेवाओं और पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्तियों के प्रकम पर विकलांगों को आरक्षण अनुमन्य कराने के प्रयोजन से उत्तर प्रदेश लोक सेवा (शारीरिक रूप से विकलांग स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित और भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1993 (यथा उत्तराखण्ड में प्रवृत्त) यथा संशोधित प्रख्यापित है। विकलांगों को सीधी भर्ती एवं प्रोन्नति में आरक्षण की अनुमन्यता एवं तत्सम्बंधी प्रकिया तथा आरक्षण सम्बंधी रोस्टर के कियान्वयन इत्यादि बिन्दुओं को सम्मिलित करते हुए भारत सरकार द्वारा कार्यालय ज्ञाप दिनांक 29.13.2005 एवं दिनांक 26.4.2008 निर्गत किया गया है।

2– भारत सरकार द्वारा निर्गत उपरांकित कार्यालय ज्ञाप में विहित प्राविधानों/प्रकियाओं को सम्यक् विचारोपरान्त प्रदेश सरकार की सेवाओं/पदों पर नियुक्तियों/पदोन्नतियों के प्रकमों पर लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है। अतः निःशक्तजनों को सीधी भर्ती एवं प्रोन्नति के प्रकम पर आरक्षण की अनुमन्यता विषयक संदर्भगत भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापों में विहित प्राविधानों/अपनायी जाने वाली प्रकियाओं के अनुरूप तत्सम्बंधी दिशा निर्देश संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्नक में उल्लिखित प्राविधानों/प्रकियाओं को सभी अधीनस्थ नियुक्ति प्राधिकारियों के संज्ञान में लाते हुए कृपया सभी स्तरों पर उनका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

3– विकलांगों के आरक्षण के सम्बंध में प्रदेश सरकार द्वारा इस कार्यालय–ज्ञाप से पूर्व निर्गत शासनादेश उपर्युक्त कार्यालय–ज्ञापों में विहित प्राविधानों से असंगति की सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे।

संलग्नकः– यथोपरि।

दिलीप कुमार कोटिया
प्रमुख सचिव।

संख्या– 1673 /XXX (2)/2010,तद्दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2– स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
3– समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।
4– समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
5– सचिव, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार।
6– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
7– निदेशक,एन0आई0सी0,सचिवालय परिसर,देहरादून।

आज्ञा से,

(रमेश चन्द्र लोहनी)
संयुक्त सचिव।

कार्यालय ज्ञाप सं0–1673/xxx (2)/2010 दिनांक 10 नवम्बर, 2010 का संलग्नक

निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए राज्याधीन सेवाओं में सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के सम्बंध में क्षैतिज आरक्षण की अनुमन्यता हेतु भारत सरकार द्वारा कार्यालय ज्ञाप दिनांक 29–12–2005 एवं कार्यालय ज्ञाप दिनांक 26.4.2008 में उल्लिखित प्राविधान के आधार पर निर्धारित दिशा–निर्देश।

1–निःशक्तजनों हेतु आरक्षण की मात्रा–

(क) समूह क, ख,ग, और घ के पदों पर सीधी भर्ती के मामले में तीन प्रतिशत रिक्तियां निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित रखी जायेगी, जिसमें से एक–एक प्रतिशत रिक्तियां–(क)दृष्टिहीनता या कम दृष्टि, (ख) श्रवणह्रास और (ग) चलनकिया सम्बन्धी निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात (फालिज)से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए उन निःशक्तताओं के लिए उपयुक्त पहचाने गये पदों में आरक्षित होंगी।

(ख)समूह 'घ' और 'ग' के पदों की पदोन्नति के मामले में, ऐसे पदों जिनमें सीधी भर्ती का अंश 75 प्रतिशत से अधिक नहीं हो, तीन प्रतिशत रिक्तियां, निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षित रखी जायेंगी जिसमें से एक–एक प्रतिशत रिक्तियां– (क) दृष्टिहीनता या कम दृष्टि (ख) श्रवणह्रास और (ग) चलनकिया सम्बन्धी निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात(फालिज) से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए उन निःशक्तताओं के लिए उपयुक्त पहचाने गये पदों में आरक्षित होंगी।

2– निःशक्तजनों हेतु आरक्षण में छूट–

यदि कोई विभाग निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षण के प्रावधान से किसी प्रतिष्ठान को अंशतः अथवा पूर्णतया मुक्त रखना आवश्यक समझे तो वह ऐसे प्रस्ताव का पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से मा0 मुख्य मंत्री जी को संदर्भ प्रेषित कर सकता है। छूट प्रदान किए जाने के बारे में मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा विचार किया जायेगा। मा0 मुख्य मंत्री जी के अनुमोदन के उपरान्त समाज कल्याण विभाग द्वारा छूट प्रदान करने विषयक आदेश निर्गत किए जायेंगे।

3– उपयुक्त नौकरियों/पदों की पहचान–

कार्मिक विभाग द्वारा अधिसूचना दिनांक 11–10–2004 एवं दिनांक 6–9–2005 में निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए चिन्हांकित किए गये तथा समाज कल्याण विभाग द्वारा भविष्य में चिन्हांकित किए जाने वाले संशोधित पदों पर विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को 03 प्रतिशत आरक्षण को प्रभाव में लाने के लिए प्रयोग में लायी जायेंगी। तथापि ध्यान रहे कि :–

(क) किसी नौकरी/पद के लिए प्रयुक्त नामावली में सदृश्य कामकाज वाली अन्य तुलनीय नौकरियों/पदों के लिए प्रयुक्त नामावली भी शामिल होगी।

(ख) समाज कल्याण विभाग द्वारा अधिसूचित नौकरियों /पदों की सूची निःशेष(Exhaustive) नहीं है। सम्बंधित विभागों को समाज कल्याण विभाग द्वारा पहले से ही उपयुक्त पहचानी गई नौकरियों/पदों के अतिरिक्त नौकरियों/पदों की पहचान करने का विवेकाधिकार होगा। तथापि, कोई भी विभाग/प्रतिष्ठान अपने विवेकाधिकार से उपयुक्त पहचानी गई किसी नौकरी/पद को आरक्षण के दायरे से अपवर्जित नहीं कर सकेगा।

(ग) यदि निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पहचानी गई कोई नौकरी/पद वेतनमान में अथवा अन्यथा बदलाव के कारण एक समूह अथवा ग्रेड से किसी दूसरे समूह अथवा ग्रेड में तब्दील हो जाय तो भी वह नौकरी/पद उपयुक्त पहचाना गया बना रहेगा।

4– एक अथवा दो श्रेणियों के लिए उपयुक्त पहचाने गये पदों में आरक्षण–

यदि कोई पद निःशक्तता की एक श्रेणी के लिए उपयुक्त चिन्हित किया गया हो तो उस पद में आरक्षण उस निःशक्तता वाले व्यक्तियों को ही दिया जायेगा। ऐसे मामलों में तीन प्रतिशत का आरक्षण कम नहीं किया जाएगा तथा उस पद में पूर्ण आरक्षण, उस निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों को दिया जाएगा, जिसके लिए वह चिन्हित किया गया हो। इसी तरह किसी पद को निःशक्तता की दो श्रेणियों के लिए चिन्हित किए गये होने की स्थिति में जहां तक सम्भव हो, आरक्षण निःशक्तता की उन दोनों श्रेणियों के व्यक्तियों के बीच समान रूप से विभाजित कर दिया जायेगा, तथापि यह सुनिश्चित किया जायेगा कि अधिष्ठान में आरक्षण, विभिन्न पदों में इस तरह विभाजित किया जाय कि निःशक्तता की तीनों श्रेणियों के व्यक्तियों को यथा सम्भव समान प्रतिनिधित्व मिले।

5– अनारक्षित रिक्तियों पर नियुक्ति–

निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्ति के लिए उपयुक्त चिन्हित किये गये पदों में निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्ति को किसी अनारक्षित रिक्ति पर नियुक्ति के लिए प्रतिस्पर्धा करने से मना नहीं किया जा सकता। इस तरह निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्ति को किसी अनारक्षित रिक्ति पर नियुक्त किया जा सकता है बशर्ते कि पद संगत श्रेणी की विकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए चिन्हित किया गया हो।

6– अपनी ही योग्यता पर चयनित उम्मीदवारों का समायोजन–

मानदण्डों में बिना किसी शिथिलीकरण के अपनी ही योग्यता के आधार पर अन्य उम्मीदवारों के साथ चुने गये निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्ति, रिक्तियों के आरक्षित भाग में समायोजित नहीं किए जायेंगे। आरक्षित रिक्तियां, निःशक्तता से ग्रस्त पात्र उम्मीदवारों में से अलग से भरी जायेंगी जिनमें ऐसे शारीरिक रूप से वे विकलांग उम्मीदवार सम्मिलित होंगे जो योग्यता सूची में अन्तिम उम्मीदवार से योग्यता में नीचे होंगे, परन्तु नियुक्ति हेतु अन्यथा, यदि आवश्यक हो तो शिथिलीकृत मानदण्डों से उपयुक्त पाये जायेंगे। ऐसा सीधी भर्ती एवं पदोन्नति दोनों मामलों में, जहां से भी निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए आरक्षण अनुमन्य हो, लागू होगा।

7– विकलांगताओं की परिभाषा –

दिशा–निर्देश निर्गत किये जाने के प्रयोजन से विकलांगता की श्रेणियों की परिभाषाऐं नीचे दी गयी हैं:–

(क) दृष्टिहीनता का अभिप्राय जब कोई व्यक्ति निम्नलिखित परिस्थितियों से ग्रसित हो अर्थात:–

(एक) दृष्टिगोचरता का पूर्ण अभाव, या

(दो) सुधारक लेंसों के साथ बेहतर लेंसों के साथ बेहतर आंख में 6/60 या 20/200(सेनालिन) से अनधिक दृष्टि की तीक्षणता या,

(तीन)जिसकी दृष्टि क्षेत्र की सीमा 20 डिग्री के कोण के कक्षान्तरित होना या अधिक खराब होना

(चार)"कम दृष्टि" ऐसी परिस्थिति को निर्दिष्ट करती है जहां ऐसा कोई व्यक्ति उपचार या मानक उपवर्धनीय सुधार के पश्चात भी दृष्टि सम्बंधी कृत्य के ह्रास से ग्रसित हो किन्तु वह समुचित सहायक व्यक्ति से किसी कार्य की योजना या निष्पादन के लिए दृष्टि का उपयोग करता हो या उपयोग करने में सम्भाव्य रूप से समर्थ हो।

(ख) "श्रवणह्रास" का तात्पर्य सम्वाद सम्बंधी रेंज की आवृत्ति में बेहतर कर्ण में 60 डेसीबल या अधिक की हानि से है।

(ग) "चलनक्रिया सम्बंधी निःशक्तता" का तात्पर्य हड्डियों, जोडों या मांसपेसियों की ऐसी निःशक्तता से है जिससे अंगों की गति में पर्याप्त निर्बन्धन या किसी प्रकार का प्रमस्तिष्कीय अंगघात हो।

(क) "प्रमस्तिष्कीय अंगघात" का तात्पर्य विकास की प्रसव पूर्व, प्रसव कालीन या शैशव काल में होने वाले मस्तिष्क के तिरस्कार या क्षति से परिणामिक असमान्य प्रेरक नियंत्रण स्थिति के लक्षणों से युक्त व्यक्ति की अविकासशील दशाओं के समूह से है"

8– आरक्षण के लिए विकलांगता की मात्रा–

केवल ऐसे व्यक्ति सेवाओं / पदों में आरक्षण के लिए पात्र होंगे, जो कम से कम 40 प्रतिशत संगत निःशक्तता से ग्रस्त हों। जो व्यक्ति आरक्षण का लाभ उठाना चाहता हो उसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रपत्र (प्रारूप पत्र–1) में जारी किया गया निःशक्तता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

9– विकलांगता प्रमाण–पत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी– विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए, राज्य सरकार द्वारा विधिवत रूप से गठित मेडिकल बोर्ड, सक्षम प्राधिकारी होगा। राज्य सरकार मेडिकल बोर्ड का गठन कर सकती है, जिसमें कम से कम तीन सदस्य होंगे। इन सदस्यों में कम से कम एक सदस्य चलनक्रिया सम्बंधी निःशक्तता या प्रमस्तिष्कीय अंगघात/दृष्टिहीनता या कम दृष्टि की विकलांगता/श्रवण ह्रास, जैसा भी मामला हो, का मूल्यांकन करने के लिए क्षेत्र विशेष का विशेषज्ञ होना चाहिए।

